
# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## संयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेट—पूर्ण कार्यकाल


- संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस में California के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सीनेट सदस्यों में से एक के रूप में कार्य करना।
- नए राष्ट्रीय कानूनों का प्रस्ताव रखना और उन पर मतदान करना।
- संघीय न्यायाधीशों, संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, तथा नागरिक और सैन्य पदों पर राष्ट्रपति द्वारा की गई कई उच्च-स्तरीय नियुक्तियों की पुष्टि पर मतदान करना।
- 3 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले 6 वर्ष के पूरे कार्यकाल के लिए कार्यरत रहेगा।



### Steve Garvey | रिपब्लिकन

50 वर्ष पहले जब मैं California आया था, उसी पल से यह मेरा घर बन गया था। 20 वर्षों तक, मैं Los Angeles Dodgers और San Diego Padres के लिए खेला। जब मैंने मैदान संभाला तो मैं सभी प्रशंसकों के लिए खेला। हर व्यक्ति समान था। राजनीति, नस्ल, यौन रुझान, लिंग और पृष्ठभूमि ने हमें नहीं बाँटा—इनसे हम एकजुट हुए थे। California अमेरिका की धड़कन हुआ करता था, अब यह एक धीमी-सी आवाज़ मात्र बन कर रह गया है। आज, पेशेवर राजनेता आप और आपके परिवार की भलाई से पहले विशेष हितों को महत्व देते हैं। आवास-व्यवस्था की बजाए, हम अनियंत्रित आवासहीनता से बुरी तरह ग्रस्त हो चुके हैं। कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने वाली एक अप्रवासन प्रणाली के बजाय, हमारे समक्ष दक्षिणी सीमा पर फैली अराजकता है। सुरक्षित पड़ोस होने की बजाए, हिंसक अपराध मौजूद है। वहनीयता के बजाय, California वासियों को किराया, किराने का सामान और गैस का भुगतान करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह वह California नहीं है जिससे हमें प्यार है। आप बेहतर पाने के लायक हैं, आपका परिवार बेहतर पाने के लायक है। मैं आपके और हमारे राज्य के लिए संघर्ष करने के खेल में वापस आ रहा हूँ। मैं पुरानी उबाऊ राजनीति की बजाए सामान्य बोध को चुनते हुए, Washington, D.C में आपकी आवाज़ बनूँगा। हम मानसिक स्वास्थ्य, नशीले पदार्थों की लत पर ध्यान देकर आवासहीनता में कमी लाएंगे। हम सीमा को सुरक्षित करेंगे और अपने पड़ोस को सुरक्षित बनाने और अपराधियों को ज़िम्मेदार ठहराने के लिए कानून प्रवर्तन के साथ काम करेंगे। हम मुद्रास्फीति में कमी लाएंगे जिससे प्रत्येक डॉलर आपके परिवार को सहारा देने में काम आए। हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएंगे। राजनेताओं ने हमें असफल कर दिया है। मैं ऐसा नहीं करूँगा। जब California के वासी एकजुट हो जाएंगे, तब सब कुछ संभव होगा। मैंने अपना सपना साकार किया, और आप अपना सपना साकार करने का अधिकार रखते हैं। आपके सीनेटर की हैसियत से, मैं आपके और California के भविष्य के लिए लड़ूँगा।

74923 US Hwy. 111, Indian Wells, CA 92210 | ई-मेल: Team@SteveGarvey.com | www.SteveGarvey.com
Facebook: Facebook.com/SteveyGarvey6 | X: X.com/SteveyGarvey6 | Instagram: Instagram.com/SteveyGarvey6



### Adam B. Schiff | डेमोक्रेटिक

Adam Schiff ने हमेशा काम पूरा करने के लिए सबसे कठिन संघर्ष किया है। वह California वासियों के लिए परिणाम देने के लिए U.S. सीनेट के लिए लड़ रहे हैं: आवास को अधिक किफायती बनाना, लागत कम करना, जलवायु परिवर्तन से लड़ना, गर्भपात की पहुंच की रक्षा करना और एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण करना जो सभी के लिए काम करे। अदालत कक्ष से लेकर कांग्रेस तक, Adam ने सबसे बड़े दबंगों—दवा कंपनियों, प्रदूषकों और ड्रग कार्टेल—का मुकाबला किया और जीत हासिल की। उन्होंने प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागतों को कम करने, सार्वजनिक परिवहन का विस्तार करने, नौकरियाँ पैदा करने, लोगों को सड़क से हटाने, हमारे स्कूलों में नवीनतम पाठ्यपुस्तकें लाने, भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रणाली बनाने और California के मरीज़ों के अधिकार बिल की स्थापना के लिए दर्जनों कानून पारित किए हैं। और जब हमारे लोकतंत्र पर एक खतरनाक राष्ट्रपति द्वारा हमला किया गया, तो Adam ने जांच की, महाभियोग चलाया और विद्रोह को उकसाने के लिए उसे उत्तरदायी ठहराया। California में फिर से परिवार पालने को किफायती बनाने के लिए Adam डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन और इंडिपेंडेंट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनका वहनीयता एजेंडा सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों की देखभाल और सामाजिक सुरक्षा में निवेश बढ़ाने का आह्वान करता है। वह आवास की लागतों को बढ़ाने वाले बड़े डेवलपर्स और विदेशी निवेशकों और कई बिलियन की कमाई करने वाले उपभोक्ताओं को लूटने वाले बड़े कॉर्पोरेशनों से मुकाबला करेंगे। Adam, Bay Area में पले-बढ़े, उन्होंने गर्मियों में अपने पिता के लकड़ी के यार्ड में काम किया और एक सामयिक अग्निशामक के रूप में काम किया। लॉ स्कूल के बाद, वह दक्षिणी California में बस गए, और अपने जीवन के प्यार Eve से मिले – हाँ, वे Adam और Eve हैं! उनके विवाह को 29 वर्ष हो गए हैं और उनके दो अद्भुत बच्चे हैं। अधिक जानकारी के लिए, *www.AdamSchiff.com* पर जाएँ।


135 E. Olive Ave., Box 750, Burbank, CA 91502 | टेलीफ़ोन: (818) 841-2828 | ई-मेल: contact@adamschiff.com
www.adamschiff.com | Facebook: www.facebook.com/AdamSchiffCA | X: www.twitter.com/adamschiffca
Instagram: www.instagram.com/adamschiffca/ | www.threads.net/@adamschiffca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## संयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेट—आंशिक/असमाप्त कार्यकाल


- संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस में California के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सीनेट सदस्यों में से एक के रूप में कार्य करना।
- नए राष्ट्रीय कानूनों का प्रस्ताव रखना और उन पर मतदान करना।
- संघीय न्यायाधीशों, संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, तथा नागरिक और सैन्य पदों पर राष्ट्रपति द्वारा की गई कई उच्च-स्तरीय नियुक्तियों की पुष्टि पर मतदान करना।
- 3 जनवरी, 2025 को समाप्त होने वाले वर्तमान कार्यकाल के शेष भाग के लिए कार्यरत रहेंगे।



### Steve Garvey | रिपब्लिकन

50 साल पहले, मैं पहली बार California आया था। अगले 20 वर्षों तक, मैं Los Angeles Dodgers और San Diego Padres के लिए टीवी पर देख रहे और स्टैंड में जयकार कर रहे लाखों प्रशंसकों के सामने खेला। उस समय, California अमेरिका की धड़कन हुआ करता था, अब यह एक धीमी-सी आवाज़ मात्र बन कर रह गया है। वर्षों की खराब नीतियों के कारण देश में रहने की लागत सबसे अधिक हो गई है, दक्षिणी सीमा पर अराजकता, बढ़ते हुए हिंसक अपराध, नियंत्रण से बाहर आवासहीनता और असफल हो रहे स्कूल हो गये हैं। राजनेताओं ने सभी California वासियों को निराश किया है। जब मैं आपका सीनेटर बनूंगा, तो हम मानसिक स्वास्थ्य, नशीले पदार्थों की लत के इलाज और आवास की लागत के बारे में गंभीर होकर आवासहीनता से निपटेंगे। हम सीमा को सुरक्षित करेंगे, अपराध से लड़ेंगे, हमारे कानूनों को लागू करेंगे और अपराधियों को दंडित करेंगे। हमारे पास एक बार फिर देश में सर्वश्रेष्ठ स्कूल होंगे और हम अपने बच्चों को प्रथम श्रेणी की शिक्षा प्रदान करेंगे। हम अच्छी नौकरियाँ पैदा करेंगे, छोटे व्यापार मालिकों की सहायता करेंगे, और जीवनयापन की लागत को कम करेंगे ताकि प्रत्येक डॉलर आपके परिवार के लिए खर्च हो सके। साथ मिलकर काम करके, हम अपनी समस्याओं को सामान्य ज्ञान के समाधान से हल करेंगे, न कि वही पुरानी घिसी-पिटी राजनीति से। यह राजनीतिक साहस का समय है और हम ऐसे नेताओं के हकदार हैं जो आपके हितों का प्रतिनिधित्व करेंगे, अपने खुद के हितों का नहीं। California ने मुझे मेजर लीग में खेलने के अपने सपने को साकार करने की अनुमति दी, और आप भी अपने सपने को पूरा करने के हकदार हैं। मुझे उम्मीद है कि मुझे आपका समर्थन मिलेगा, ताकि हम एक साथ मिलकर काम कर सकें और जीवन की गुणवत्ता और उन मौकों को बहाल कर सकें जिन्हें पाने के हम सभी हकदार हैं।

74923 US Hwy. 111, Indian Wells, CA 92210 | ई-मेल: Team@SteveGarvey.com | www.SteveGarvey.com
Facebook: Facebook.com/SteveyGarvey6 | X: X.com/SteveyGarvey6 | Instagram: Instagram.com/SteveyGarvey6



### Adam B. Schiff | डेमोक्रेटिक

Adam Schiff ने हमेशा काम पूरा करने के लिए सबसे कठिन संघर्ष किया है। वह California वासियों के लिए परिणाम देने के लिए U.S. सीनेट के लिए लड़ रहे हैं: आवास को अधिक किफायती बनाना, लागत कम करना, जलवायु परिवर्तन से लड़ना, गर्भपात की पहुंच की रक्षा करना और एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण करना जो सभी के लिए काम करे। अदालत कक्ष से लेकर कांग्रेस तक, Adam ने सबसे बड़े दबंगों—दवा कंपनियों, प्रदूषकों और ड्रग कार्टेल—का मुकाबला किया और जीत हासिल की। उन्होंने प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागतों को कम करने, सार्वजनिक परिवहन का विस्तार करने, नौकरियाँ पैदा करने, लोगों को सड़क से हटाने, हमारे स्कूलों में नवीनतम पाठ्यपुस्तकें लाने, भूकंप की पूर्व चेतावनी प्रणाली बनाने और California के मरीज़ों के अधिकार बिल की स्थापना के लिए दर्जनों कानून पारित किए हैं। और जब हमारे लोकतंत्र पर एक खतरनाक राष्ट्रपति द्वारा हमला किया गया, तो Adam ने जांच की, महाभियोग चलाया और विद्रोह को उकसाने के लिए उसे उत्तरदायी ठहराया। California में फिर से परिवार पालने को किफायती बनाने के लिए Adam डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन और इंडिपेंडेंट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनका वहनीयता एजेंडा सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों की देखभाल और सामाजिक सुरक्षा में निवेश बढ़ाने का आह्वान करता है। वह आवास की लागतों को बढ़ाने वाले बड़े डेवलपर्स और विदेशी निवेशकों और कई बिलियन की कमाई करने वाले उपभोक्ताओं को लूटने वाले बड़े कॉर्पोरेशनों से मुकाबला करेंगे। Adam, Bay Area में पले-बढ़े, उन्होंने गर्मियों में अपने पिता के लकड़ी के यार्ड में काम किया और एक सामयिक अग्निशामक के रूप में काम किया। लॉ स्कूल के बाद, वह दक्षिणी California में बस गए, और अपने जीवन के प्यार Eve से मिले–हाँ, वे Adam और Eve हैं! उनके विवाह को 29 वर्ष हो गए हैं और उनके दो अद्भुत बच्चे हैं। अधिक जानकारी के लिए, *www.AdamSchiff.com* पर जाएँ।

135 E. Olive Ave., Box 750, Burbank, CA 91502 | Tel: (818) 841-2828 | E-mail: contact@adamschiff.com
www.adamschiff.com | Facebook: www.facebook.com/AdamSchiffCA | X: www.twitter.com/adamschiffca
Instagram: www.instagram.com/adamschiffca/ | www.threads.net/@adamschiffca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था।